>

Title: Need to recognize Maharaja Ganga Singh University, Bikaner under the provision of section 12 B of the University Grants Commission Act.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, मैं आपके माध्यम से विश्वविद्यालय आयोग, जो देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों को यूजीसी अधिनियम की धारा 12बी के तहत मान्यता प्रदान करता है, की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हैं। ऐसा ही एक प्रकरण में मेरे बीकानेर संसदीय क्षेत्र के बीकानेर मुख्यालय स्थित महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय का है। प्रकरण 12बी की मान्यता के लिए विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने सिफारिश की है तथा इसी क्रम में राज्य सरकार ने भी यूजीसी को सिफारिश के साथ मान्यता के लिए पत्र प्रेषित किया है, लेकिन यूजीसी द्वारा इस संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विगत दिनों में राजस्थान के राज्यपाल का बीकानेर दौरा था और बीकानेर की जितनी भी सामाजिक संस्थाएं हैं। सभी ने कहा कि हमारा यही एक विश्वविद्यालय है, जो कि उच्च शिक्षा से जुड़ा हुआ है और 12बी की दोनों शर्तें पूरी करता है। उच्च शिक्षा से जुड़े हुए सभी संस्थाओं एवं ख्यातिनाम शिक्षाविदों ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर को यूजीसी द्वारा 12बी की मान्यता दिलवाने के संबंध में राज्यपाल को भी ज्ञापन प्रस्तुत किए हैं, तो आप इसे 12बी की मान्यता क्यों नहीं देते हैं। बीकानेर राजस्थान के रेगिस्तानी भू-भाग का हृदय स्थल है तथा जीईआर में भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बीकानेर पिछड़ा हुआ क्षेत्र माना जाता है।

अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री से मांग करता हूं कि बीकानेर स्थित महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय को यूजीसी अधिनियम 12बी के तहत मान्यता दिलवाने की व्यवस्था कराएं, जिससे बीकानेर संभाग की सभी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राहत उपलब्ध हो सके।

MR. CHAIRMAN : I thank all the hon. Members for your cooperation. The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 30th November, 2012 at 11 am.

18.34 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, November 30, 2012/Agrahayana 9, 1934 (Saka).

---

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

* Not recorded.